सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 187 | इंदौर, मंगलवार 21 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ सौरभ शर्मा के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## 12 लाख नकद, 9.9 किलो चांदी और डिजिटल डिवाइस बरामद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उनके साथियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में 17 जनवरी को मध्य प्रदेश के भोपाल और ग्वालियर जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र के पुणे में छापेमारी की थी। छापे के दौरान 12 लाख रुपये नकद, 9.9 किलोग्राम चांदी कीमत लगभग 9.17 लाख रुपये, डिजिटल डिवाइस में प्रापर्टी के दस्तावेज और 30 लाख रुपये की शेष राशि के साथ बैंक खातों को भी PMLA के तहत फ्रीज कर दिया गया।**

ईडी ने सौरभ शर्मा से जुड़े करीबियों के यहां छापेमारी की थी। इसमें भोपाल में नवोदय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल के घर सहित चार जगहों और ग्वालियर के मुरार कॉलोनी में भी ईडी ने चार ठिकानों पर दबिश दी। ईडी ने भोपाल के इंद्रपुरी बी. सेक्टर में डॉ. श्याम अग्रवाल के घर पर छापा मारा। इसके अलावा, नवोदय कैंसर हॉस्पिटल और एमपी नगर स्थित अन्य अस्पतालों की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बादइ ईडी ने बयान जारी कर बताया कि छापेमारी में 12 लाख रुपये केस, 9.9 किलोग्राम चांदी और डिजिटल डिवाइस बरामद, प्रापर्टी के दस्तावेज डिजिटल डिवाइस में बरामद किए है। इसके अलावा बैंक खातों में 30 लाख रुपये जब्त किए हैं।

बता दें, परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित ठिकानों पर लोकायुक्त ने छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 7.95 करोड़ रुपये की चल संपति मिली थी। वहीं, आयकर विभाग ने 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये नगद लदी कार बारामद की थी। साथ ही ईडी ने भी अलग-अलग छापेमारी में सौरभ और उसके रिश्तेदारों के ठिकानों से करोड़ों रुपये की चल संपत्ति बमराद की थी।

### सौरभ शर्मा का अब तक नहीं कोई पता

एजेंसियों की कार्रवाई के पहले से ही सौरभ शर्मा और उसकी पत्नी गायब है। लोकायुक्त के अधिकारी भी सौरभ शर्मा को लेकर कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उसके दुबई में होने की बात कहीं जा रही है, लेकिन एजेंसियां अब उसके भारत में होने के ही कयास लगा रही हैं। सौरभ के दिल्ली के आसपास होने की बात सामने आ रही है।

# मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर पुणे में 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र

## CM निवेशकों से करेंगे संवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र पुणे में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री पुणे में 'मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर' पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। यह सत्र न केवल मध्यप्रदेश के निवेश अवसरों को प्रदर्शित करेगा। मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से मध्य प्रदेश में औद्योगिक, पर्यटन, आईटी/आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र के लिए सकारात्मक वातावरण व संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्य के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे विभागीय प्रजेन्टेशन देंगे। कार्यक्रम में उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के चेयरमैन संजय किर्लोस्कर और पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन सुधीर मेहता भी प्रदेश के इंडस्ट्री फ्रेंडली माहौल और मध्य प्रदेश की सरल औद्योगिक नीतियों के संबंध में अपने अनुभव साझा करेंगे।

राजस्थान से निकला कनेक्शन तो चौंक गई पुलिस

# 500 रुपए के नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में नकली नोटों के चलन को रोकने के लिए इंदौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 500 रुपये के नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने गिरोह के एक आरोपी शुभम रजक को गिरफ्तार कर उससे 500 रुपये के कुल 46 नकली नोट बरामद किए हैं।

पिछले कुछ दिनों से लसूडिया क्षेत्र में नकली नोटों के चलने की खबरें मिल रही थीं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। 19 जनवरी की रात को पुलिस टीम को सूचना मिली कि नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति देवास नाका, इल्वा तौल कांटे के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी शुभम रजक को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से 500 रुपये के कुल 46 नकली नोट बरामद हुए है।

### नकली नोटों का सौदा आधी कीमत पर

पुलिस पूछताछ में आरोपी शुभम रजक ने खुलासा किया कि वह नकली नोट अपने साथी महिपाल उर्फ मोहित बेड़ा, निवासी जोधपुर, राजस्थान से आधी कीमत पर खरीदता था। महिपाल उसे ये नकली नोट भेजता था, जिन्हें शुभम बाजार में असली नोटों की तरह चलाता था। शुभम अब तक हजारों रुपये के नकली नोट बाजार में चला चुका है।



### आरोपी से पूछताछ जारी

पुलिस ने शुभम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसका पुलिस रिमांड लिया गया है। पुलिस अब उससे इस गिरोह के अन्य सदस्यों और नकली नोटों के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है

# व्यापारियों के साथ निगम पहुंचे नेता प्रतिपक्ष निगम अधिकारियों के काम पर उठाए सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के साथ सोमवार को मालवा मिल चौराहा से जंजीरवाला चौराहा तक के व्यापारी नगर निगम पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष और व्यापारियों ने नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के सामने अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने निगम अधिकारियों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए।**



व्यापारियों और नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर निगम ट्रैफिक की व्यवस्था को बेहतर बनाने के नाम पर शहर के अलग-अलग क्षेत्र में लगातार कार्रवाई कर रही है। जंजीरवाला चौराहा से लेकर मालवा मिल चौराहा तक के क्षेत्र में भी निगम की टीम कभी भी कार्रवाई करने के लिए पहुंच जाती है। पिछले दिनों जब निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची तब वहां पर विवाद हुआ था। इसके बाद निगम के द्वारा इस क्षेत्र में लाइन डाली गई है। व्यापारियों को कहा गया है कि इस लाइन के पीछे ही अपने सामान रखे। ट्रैफिक सुधारने के लिए एक कार्रवाई निश्चित तौर पर जरूरी है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर मालवा मिल चौराहा से जंजीर वाला चौराहा तक के क्षेत्र में पक्षपात किया जाता है। क्षेत्र के पार्षद और उनके समर्थकों के अवैध निर्माण और कब्जे को छोड़ दिया जाता है। बाकी के व्यापारियों के निर्माण और कब्जे तोड़ दिए जाते है, जब्त कर लिए जाते है। निगम द्वारा किया जाने वाला पक्षपात आपत्तिजनक है। व्यापारियों की मांग है कि निगम की कार्रवाई में कोई भी पक्षपात नहीं किया जाना चाहिए। व्यापारियों और नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि व्यापारी निगम की कार्रवाई में सहयोग करने को तैयार है, लेकिन उनके द्वारा कोई पक्षपात नहीं किया जाए। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर कहा कि यदि पक्षपात करने की कोशिश की गई तो किसी के कब्जे को छोड़ा गया तो उसी समय पर उसी जगह पर आंदोलन किया जाएगा।नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम के दो पक्षपात पूर्ण रवैये को लेकर हम एडिशनल कमिश्नर राजेश सिसोनिया से मिले। पहला था मालवा मिल का था। यहां देखने में आया कि निगम की टीम आधी दूर कार्रवाई करने जाती है और जनप्रतिनिधियों के आने के कारण कार्रवाई रुक जाती है। हमारा निवेदन है कि अबकी बार मालवा मिल चौराहे को लेकर किसी प्रकार की ज्यादती को कांग्रेस पार्टी और वहां के लोग सहन नहीं करेंगे। सेंटर लाइन तय करे, मार्किंग की जाए और जब कार्रवाई हो तो समान भाव से की जाए। मालवा मिल चौराहा से जंजीर वाला चौराहे तक की सड़क आवागमन के लिए व्यवस्थित हो यह सभी की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं किया जाए, पक्षपात न हो।दूसरा विषय एक जोनल ऑफिस के पीछे शिवकंठ नगर का मेन रोड है। वहां सरकारी जमीन पर बरसों से गरीबों ने टापरी बना रखी है। उसके आगे क्षेत्रीय पार्षद ने अपनी दुकानें और ऑफिस बना लिया है। वहां कब्जा करके दुकानों को बेच दिया गया। गरीब लोगों को तो निगम ने नोटिस दे दिए लेकिन दुकानों और कार्यालय को नोटिस नहीं दिया गया। डिप्टी कमिश्नर रोहित सिसोनिया ने कहा कि दो मुद्दों को लेकर लोगों का डेलीगेशन हमसे मिला। पहला मुद्दा सांवेर रोड का है। इसमें बताया गया है कि सभी को समान रूप से नोटिस नहीं दिया गया है। जनप्रतिनिधि और आमजन आए थे उन्हें यहीं कहा गया है कि एक बार परीक्षण करवाया जाएगा। रिमूवल की कार्रवाई में कोई ऐसे लोग छूट गए है, जिनका कब्जा है या अतिक्रमण है। उनको नोटिस नहीं दिया गया है तो उन्हें भी नोटिस दिया जाएगा। सभी के साथ समान रूप से लीगल कार्रवाई की जाएगी।

# "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" के तहत हो रहे हैं जागरूकता के अनेक कार्यक्रम

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना कार्यान्वयन इकाई के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कॉलेज और स्कूल में पहुँचकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**इंदौर**। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) द्वारा हर साल की तरह इस जनवरी माह को "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" के रूप में मनाया जा रहा है। इस माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई इन्दौर द्वारा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में छात्रों को जागरूक बनाये जाने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, इन्दौर द्वारा एक्रोपॉलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिचौली मर्दाना में जन-जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुमेश बॉझल ने बताया कि इस वर्ष की थीम, "एक सड़क सुरक्षा नायक बनें" है। यह एक सुरक्षित सड़क वातावरण को बढ़ावा देने में सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करती है। यह प्रत्येक व्यक्ति को दुर्घटनाओं को कम करने और सभी के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। सड़क सुरक्षा माह के तहत आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परियोजना कार्यान्वयन इकाई इन्दौर द्वारा एक्रोपॉलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुमेश बॉझल, एक्रोपॉलिस इंस्टीट्यूट के चेयरमेन श्री ए.के.सोजतिया एवं डायरेक्टर श्री एस.सी. शर्मा, श्री शरद नाईक, डॉ. जयंत अवस्थी एवं अन्य प्रोफेसर, 500 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं बस चालक इत्यादि उपस्थित हुए। कार्यशाला में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुमेश बॉझल द्वारा इंस्टिट्यूट के छात्रों, बस चालकों एवं अन्य को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के बारे में एवं दुर्घटनाओ को रोकने हेतु "पहले आप" का गूढ़ मन्त्र दिया गया। उन्होंने कहा कि यह मंत्र अपनाकर सड़क पर हो रही दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है। साथ ही कार्यशाला में उपस्थित रोड़ सेफ्टी कंसलटेंट श्री सचिन खैरनार, श्री विवेक नायडू, श्री लखन गायकवाड द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा के सभी नियमों के बारे में बताया गया। उन्होंने गति सीमा का ध्यान रखने, यातायात संकेतों और सड़क संकेतों का पालन करने एवं एक्सीडेंट के उपरांत घायल की तुरंत सहायता हेतु प्राथमिक उपचार की जानकारी एवं सीपीआर की जानकारी भी दी।

# गैर जाति से यादव बनने वालों का होगा शुद्धिकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में आयोजित यादव महापंचायत में सर्वसम्मति से तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। दरअसल गोपाल मंदिर की घटना के बाद प्रदेश में यादव समाज आक्रोशित है। समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रमुख सामाजिक वरिष्ठजनों की महापंचायत में एक मत से निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव से तीन प्रमुख मांगों पर यादव समाज के हितों की रक्षा के लिए मोहर लगवाई जाएगी।**

वरिष्ठ नेता राकेश सिंह यादव की अध्यक्षता में यादव महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें राधा-कृष्ण बोर्ड बनाने के साथ प्रदेश में राधा-कृष्ण मंदिरों के प्रबंधन की जिम्मेदारी यादव समाज को सौंपने की मांग की गई है। इसके लिए समाज में व्यापक जन जागृति अभियान यादव शुरू किया जाएगा। महापंचायत के निर्णय अनुसार यादव समाज द्वारा हिमांशु यादव के नेतृत्व में राधा-कृष्ण मंदिर बचाओ अभियान प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के लिए प्रदेश स्तर पर 51 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। प्रदेश के शासकीय राधाकृष्ण मंदिरों के अस्तित्व की रक्षा के लिए राधाकृष्ण मंदिरों की व्यवस्था की जिम्मेदारी यादव समाज को दिलाने का अभियान चलाया जाएगा। यादव महापंचायत के निर्णय अनुसार फर्जी जाति प्रमाणपत्रों की जांच के लिए गट्टू यादव के नेतृत्व में 51 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय छानबीन समिति का गठन किया गया है। दरअसल कई अपात्र लोगों ने यादव जाति ओबीसी के प्रमाणपत्र बनाकर स्कॉलरशिप की बड़ी राशि हड़पी है। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ छानबीन समिति द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। समाज मध्य प्रदेश में राधाकृष्ण मंदिरों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ समाज बड़ा अभियान शुरू करेगा। समाजजन से अपील की गई है शासकीय राधा-कृष्ण मंदिरों पर अवैध कब्जों की जानकारी सबूतों सहित दें। महापंचायत के नेतृत्व में तत्काल सख्त वैधानिक कार्यवाही कर राधाकृष्ण मंदिरों को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। अब जल्द समाज के वरिष्ठजनों को साथ लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर तीनों मांगों को तत्काल लागू करने की मांग की जाएगी।

# एयरपोर्ट पर पोहा 449, चाय 190 रुपए, एक प्लेट समोसा 303 रुपए

**इंदौर**। देवी अहिल्या बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अगर आप चाय-नाश्ता करना चाहते हैं तो एक बार रेट लिस्ट जरूर देख लें। यहां 1 कप चाय 190 रुपए की और दो समोसा (एक प्लेट) 303 रुपए का पड़ेगा। वहीं इंदौर का फेमस पोहा यहां 399 रुपए का है। जो टैक्स जोड़कर लगभग 449 रुपए का मिलता है।

इंदौर एयरपोर्ट से यात्रा कर रहे एक यात्री ने इतना महंगा नाश्ता मिलने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि क्या इंदौर एयरपोर्ट के नाश्ते में सोना, चांदी मिला हुआ है। एयरपोर्ट से यात्रा कर रहे एक यात्री ने आज सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स) से इंदौर एयरपोर्ट




के रेस्टोरेंट कैलाश चाट हाउस के मैन्यू के फोटो शेयर किए हैं। जिसमें पोहे की कीमत 399, समोसा 303 रुपए, चाय 190 रुपए, लस्सी 249, वड़ा पाव 329, पूरी भाजी 469, छोले पूरी 549, पराठा कॉम्बो 549, छोले भटूरे 619, पाव भाजी कॉम्बो 619 रुपए सहित कई अन्य चीजें बाजार की अपेक्षा 20 से 30 गुना तक महंगी देखी जा सकती है, जबकि कुछ साल पहले इंदौर एयरपोर्ट पर ही एक कंपनी मात्र 100 रुपए में भरपेट भोजन थाली भी परोस रही थी। एयरपोर्ट पर मिलने वाले मंहगे नाश्ते को लेकर कुछ दिनों पहले आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने संसद में महंगे होते हवाई टिकट और एयरपोर्ट पर महंगे खान-पान पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि बाजार में 20 रुपए में मिलने वाली पानी की बॉटल एयरपोर्ट पर 100 रुपए में मिलती है। एयरपोर्ट पर एक चाय 250 रुपए और 350 रुपए का समोसा है। इसके बाद से ही एयरपोर्ट पर महंगे खान-पान को लेकर बहस छिड़ गई है। हांलाकि सरकार भी इस तरह के संकेत दे चुकी हैं कि एयरपोर्ट पर सस्ता नाश्ता उपलब्ध करवाया जाएगा।

# रीजनल पार्क में पी रहे थे शराब

## सूचना पर पहुंची पुलिस से युवकों ने की धक्का-मुक्की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के रीजनल पार्क का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। यहां पर बर्थडे पार्टी के दौरान कुछ युवक शराब पी रहे थे। सूचना मिलने पर बीट के जवान मौके पर पहुंचे तो युवकों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की और फरार हो गए। पुलिस ने युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक किसी भी युवक की पहचान नहीं हो पाई और उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।**

यह घटना राजेन्द्र नगर के रीजनल पार्क की है। रविवार रात कुछ लड़के बर्थडे पार्टी मनाने के बाद शराब पी रहे थे। सूचना मिलते ही बीट के दो जवान



राहुल गुर्जर और पवन गुर्जर मौके पर पहुंचे। जैसे ही उन्होंने युवकों को रोका, वे पुलिसकर्मियों से बहस करने लगे और बाद में मारपीट करने पर उतारू हो गए। रीजनल पार्क के स्टाफ और अन्य लोग पुलिसकर्मियों का बचाव किया।

जानकारी के मुताबिक, राजेन्द्र नगर थाने के राहुल और पवन ने एफआरवी को कॉल किया, लेकिन समय पर एफआरवी मौके पर नहीं पहुंची, जिससे युवक मौके से भाग गए। बाद में पुलिसकर्मी उन्हें पकड़ने की बात करते रहे। लेकिन उनका पहचान नहीं हो पाई। मंगलवार सुबह यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस अब उनकी पहचान के बाद आरोपियों को पकड़ने की बात कह रही है।

## मां ने बेटे और बेटी के साथ लगाई फांसी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू। महू में एक महिला ने अपने 4 साल के बेटे और ढाई माह की बेटी के साथ फांसी लगा ली। ढाई माह की बेटी फंदे से गिर गई, जिससे उसकी जान बच गई। लेकिन, मां-बेटे की मौत हो गई। बच्ची काफी देर तक बिलखती रही। उसकी रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे तब मामले का खुलासा हुआ।**

घटना मांबडगोंदा थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 5 बजे की है। महिला का नाम डिंपल गिरवाल (28) है। उसका एक बेटा काव्यांश (4) और ढाई माह की बेटी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। एसआई जगदीश डावर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला ने एक फंदा बच्चों के झूले पर बांधा। इस पर बेटे काव्यांश को लटकाया। वहीं दूसरा फंदा बनाकर अपनी बेटी के गले में डाला। हालांकि बच्ची फंदे में स्वेटर के अटकने से बच गई। उसके रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे और खिड़की से झांका तो मां-बेटे फंदे पर लटके नजर आए।डिंपल के पिता हीरालाल बारिया ने बताया कि बेटी की 5 साल पहले महू के रहने वाले रोहित गिरवाल से शादी हुई थी। पति पीथमपुर की निजी कंपनी में काम करता है। शादी के बाद से ही पैसों के लिए बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। पति शराब पीने के बाद मारपीट करता था। बेटी मकर संक्रांति पर मायके इंदौर फूटी कोठी आई थीं। लौटने के बाद दुखद घटना हुई।

# पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र ने वकील पर किया हमला, सिर पर मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में सोमवार शाम को एक वकील पर पिता-पुत्र ने हमला कर दिया। जिससे वकील के सिर पर गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि वकील और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। घायल वकील को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

पुलिस के अनुसार, विनोद चौहान, जो आलापुरा के निवासी और पेशे से वकील हैं, सोमवार शाम को अपने परिचित माणक जी से मिलने लालबहादुर



शास्त्री नगर, अन्नपूर्णा इलाके में पहुंचे थे। तभी राजेश पुत्र लक्ष्मीनारायण यादव और उनके बेटे कृष्णा ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहे और वकील के साथ हाथापाई शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर राजेश ने चाकू निकाला और वकील के सिर पर हमला कर दिया।

वकील विनोद चौहान ने पुलिस को बताया कि, आरोपी धमकी दे रहे थे, 'पहले तुम्हारे भाई को मारा है, अब तुम्हें भी जान से खत्म कर देंगे।'

इस झगड़े में वकील की सोने की चेन भी कहीं गिर गई। घायल वकील को माणकजी और अन्य लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब आरोपियों, राजेश यादव और उनके बेटे कृष्णा की तलाश कर रही है।

## बहू की वर्जिनिटी पर उठाया सवाल, मृत बेटी के डीएनए टेस्ट का भी बनाया दबाव

**इंदौर।** इंदौर में जिला कोर्ट ने पुलिस को घरेलू हिंसा का केस दर्ज करने के निर्देश दिए है। इंदौर में एक विवाहित महिला ने कोर्ट की शरण ली थी,क्योंकि शादी के बाद से ही सास ने उसकी वर्जिनिटी पर सवाल उठाए थे,क्योंकि शादी की पहली रात के बाद सफेद चादर पर खून नहीं गिरा था। महिला को लगातार ताने दिए जाते रहे। पीड़िता ने शादी के बाद मृत बच्ची को जन्म दिया तो उसका डीएनए टेस्ट कराने की बात भी कही गई। इसके बाद फिर महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया तो उसे मायके भेज दिया गया, जब ससुराल पक्ष के लोग उसे लेने नहीं आए तो पीड़िता ने इंदौर जिला कोर्ट की शरण ली। एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि कोर्ट ने घरेलू हिंसा का केस दर्ज करने के निर्देश दिए है। महिला और बाल विकास विभाग से भी जांच रिपोर्ट तलब की है। विभाग ने रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर दी।

## ड्राइवर और बेटे से लोहे के एंगल चढ़वाएं...करंट लगने पर दोनों झुलसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक ड्राइवर की शिकायत पर उसके मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना 14 अक्टूबर की है। पुलिस के मुताबिक मालिक ने अपने ड्राइवर और अपने बेटे से बिना सुरक्षा के लोहे के एंगल छत पर चढ़वाए थे। इस दौरान करंट लगने से दोनों झुलस गए। उपचार के दौरान ड्राइवर के पैर का पंजा काटना पड़ा।**

राजेन्द्र नगर पुलिस ने सुरेश पुत्र दिनेश डाबर निवासी पानगोला जोबट की शिकायत पर 125,125(बी) बीएनएस में मालिक अजय गंगवानी स्कीम नंबर 103 के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरेश ने अपने बयान में बताया कि वह किशनगंज इलाके में किराए से परिवार के साथ रहता है। 14 अक्टूबर को मालिक के घर पर था। इस दौरान दोपहर में मालिक अजय ने अपने बेटे के साथ लोहे के कुछ एंगल छत पर चढ़ाने के लिए कहा। रस्सी से एंगल ऊपर खींचने के दौरान एक पाइप तिरछा होकर बिजली के तार से टकरा गया। जिससे सुरेश के दोनों हाथ और दोनों पैरो में करंट लगा। वहीं मालिक के बेटे निखिल की पसलियों में करंट लगा। घटना के बाद मालिक अपने बेटे निखिल के साथ सुरेश को यूनिक अस्पताल लेकर पहुंचे। फिर यहां से चोइथराम अस्पताल और उसके बाद अरविंदो अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां कुछ दिन बाद डॉक्टरों ने सुरेश के पैर का पंजा काटने की बात कही। आपरेशन के बाद पैरा का पंजा काट दिया गया। कुछ दिनों बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया। सुरेश ने बयान में बताया कि मालिक अजय ने उसे पूरा उपचार कराने की बात कही थी। इसलिए शिकायत नहीं की। बाद में उन्होंने टालना शुरू कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले में केस दर्ज किया है।

# किराये पर ली गई गाड़ियों को बेचने वाले अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर पुलिस ने पिछले दिनों किराये पर गाड़ियां लेकर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने के आरोप में महू निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि ये गाड़ियां महाराष्ट्र के कुछ जिलों में चल रही हैं, जिन पर टोल शुल्क कट रहा है।

वाहन मालिकों को मोबाइल पर टोल कटने की जानकारी मिल रही थी, लेकिन आरोपी ने गाड़ियों से जीपीएस डिवाइस हटा दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर करीब 11 गाड़ियां बरामद की गई हैं।

### 8 पीड़ितों ने शिकायत की थी

एसीपी रूबीना मिजवानी ने बताया कि, 8 पीड़ितों ने शिकायत की थी कि सचिन पुत्र रमेश सिंह सिसोदिया, निवासी पेंशनपुरा, महू ने 11 महीने का एग्रीमेंट कर उनकी कारें किराये पर लीं और दूसरे राज्यों में बेच दीं। पिछले कुछ महीनों से किराया भी नहीं दे रहा था और गाड़ियों की जीपीएस लोकेशन बंद कर दी गई थी। महाराष्ट्र में गाड़ियों का टोल कटने की सूचना मिलने पर वाहन मालिकों ने सचिन के घर जाकर शिकायत की, लेकिन वहां मौजूद परिवार ने यह कहते हुए उन्हें भगा दिया कि सचिन से उनका कोई संबंध नहीं है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जब्त वाहनों की जानकारी निकाली। इस पर सचिन को सूरत से हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने बताया कि, उसने गाड़ियां अपने साथियों अरकान पुत्र इरफान शेख निवासी एनडीसीएस रोड कल्याण महाराष्ट्र, विशाल पुत्र राजाराम मुरकुटे निवासी दाहागांव महाराष्ट्र, अविनाश पुत्र रामफेर यादव निवासी टीटवाला कल्याण महाराष्ट्र और विकास पुत्र संजय पंवार निवासी रूदें कल्याण महाराष्ट्र के पास वाहन होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने इन सभी को हिरासत में लिया और 11 गाड़ियां बरामद कीं। आरोपियों ने कुछ कारें बेच दी थी। कुछ कारें किराए पर लगाई थी, जिनका किराया आरोपी खुद रख रहे थे। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

## गाडियो में की तोड़फोड

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी इलाके में सड़क के पास खाली प्लाट में खडे तीन वाहनो के नशे में आरोपी और उसके दो साथियों ने कांच फोड़ दिए। लोगो को जानकारी लगी तो उन्होने एक आरोपी को पकड़ लिया। वह नशे का आदि है। उसकी पुलिस ने जमकर खबर ली। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक अनुराग नगर में गौरव के यहां रविवार को शादी का प्रोग्राम था।

# युवक-युवतियों के आने-जाने की शिकायत पर पूर्व पुलिसकर्मी के घर पर दबिश

### घंटे के हिसाब से किराये पर देता था कमरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के एरोड्रम इलाके में एक पूर्व पुलिसकर्मी के घर पर शिकायत के बाद दबिश दी गई। स्थानीय निवासियों ने शिकायत की थी कि उक्त घर पर युवक-युवतियों का आना-जाना होता है। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई की और यहां चार लड़कों को घर से पकड़ा, जिन्हें बाद में पुलिस थाने ले जाया गया। हालांकि, दस्तावेज़ों और अन्य सामान के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई। मामले में कार्रवाई की गई।**

एरोड्रम पुलिस को सूचना मिली थी कि कावेरी नगर में 63 वर्षीय पूर्व पुलिसकर्मी घनश्याम विश्वकर्मा का घर है। आरोप था कि यहां युवक-युवतियां आकर रुकते हैं और कमरे घंटों के हिसाब से किराये पर मिलते हैं। पुलिस टीम जब पहुंची तो आकाश जैन, विकास जाटव, मोहित बौरासी और आकाश मालवीय यहां मिले। पूछताछ करने पर वे दस्तावेज़ों के बारे में कुछ नहीं बता पाए। इसके बाद घनश्याम से पूछताछ की गई, लेकिन उन्होंने लड़कों के रुकने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बाद में सभी को थाने लाया गया। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर इस मामले में 163 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

### घंटे के हिसाब से मिलते थे कमरे

रहवासियों का आरोप था कि यहां युवक-युवतियां आकर रुकते हैं और कुछ देर बाद चले जाते हैं। उनका कहना था कि, घनश्याम विश्वकर्मा लड़कों से घंटे के हिसाब से कमरे के किराये लेता था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये युवक किसी अवैध गतिविधि में शामिल तो नहीं थे। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

# अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में 24 को कैबिनेट की बैठक, बस सेवा शुरू करने का हो सकता है ऐलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 24 जनवरी को लोकमाता अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रदेश में बस सेवा शुरू करने को मंजूरी मिलने की संभावना है। सरकार इस वर्ष के अंत तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में यात्री बस सेवा प्रारंभ करना चाहती है। शुरू में कुछ चयनित रूटों पर बसे चलाई जाएंगी। बैठक के बाद परिवहन विभाग इस प्रस्ताव को लेकर आगे की कार्रवाई तेज करेगा। इसके तहत बस सेवा संचालित करने के लिए एक कंपनी स्थापित की जाएगी, जो प्रदेश में यात्री बसों का संचालन करेगी। इस बैठक को लेकर सभी संबंधित विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या देवी का 300 वां जयंती वर्ष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने देवी अहिल्या माता की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में हम पूरे वर्ष अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की अगली बैठक मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। कैबिनेट की बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जारी अपने संदेश में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक था। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि एक आदर्श नारी और माता भी थीं। लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्यपरायणता, धर्म परायणता, सुशासन, दानशीलता, धार्मिकता आदि गुणों से हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से देखता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की पावन धरा वह स्थान है, जहां रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या देवी, सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे प्रतापी एवं सुशासन लाने वाले शासक हुए हैं। इनके नाम और काम पर मध्यप्रदेश सदैव गौरवान्वित होता आया है। इस संदर्भ में महिला शासिका लोकमाता अहिल्या देवी का नाम भी अजर-अमर है। उनके नाम पर समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में हम जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि हम सब मालवा की लोकमाता अहिल्या देवी के पुण्य स्मरण में शामिल हों। वे स्वयं और सभी मंत्रीगण मिलकर अहिल्या माता को समर्पित मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए महेश्वर जाएंगे और यही लोकमाता को उनके सद्कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## रिश्वत मांगने वाले बाबू को कलेक्टर ने बना दिया चपरासी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** आंबनगाड़ी सहायिका की भर्ती में रिश्वत मांगने वाले बाबू का डिमोशन कर कलेक्टर चपरासी बना दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाबू सुभाष काकड़े ने आंबनगाड़ी सहायिका की भर्ती में रिश्वत की मांग की थी। जिस पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने कार्रवाई करते हुए डिमोशन कर चपरासी बना दिया। सुभाष काकड़े परियोजना कार्यालय खकनार में पदस्थ था। कलेक्टर ने बताया कि सिविल सेवा वर्गीकरण एवं नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 10 में प्रावधानित दीर्घ शास्ति के तहत यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले शिकायत की गंभीर प्रकृति और विभागीय प्रतिवेदन के आधार पर जुलाई 2024 में सहायक ग्रेड-3 सुभाष काकड़े को निलंबित किया गया था। साथ ही अपर कलेक्टर और परियोजना अधिकारी को विभागीय जांच सौंपी गई थी।जारी आदेशानुसार सुभाष काकड़े को परियोजना अधिकारी नेपानगर कार्यालय में चपरासी के पद पर पदस्थ किया गया है। निलंबन से बहाल कर निलंबन अवधि को अकार्य दिवस माना गया है।

## पहली बार दूसरे जिले में पंचायतकर्मियों की अनुकंपा नियुक्ति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पहली बार दूसरे जिले में पंचायतकर्मियों की अनुकंपा नियुक्ति हुई है। विदिशा के 10 युवा भोपाल में पंचायत सचिव बने हैं। ऐसी ही नियुक्ति अब प्रदेश की अन्य जिला पंचायत में होगी। अभी आधी से ज्यादा जिपं में पंचायत सचिवों के पद खाली है। सरकार ने पिछले साल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में एक जिले से दूसरे जिले में अनुकंपा नियुक्ति देने का रास्ता साफ किया था। 21 जून 2024 को विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में गजट नोटिफिकेशन भी हो चुका है। इसके बाद प्रदेश की सभी जिपं ने रिक्त पद की जानकारी पंचायत राज संचालनालय को भेजी थी। यानी, जिन जिलों में पद रिक्त नहीं है और वहां अनुकंपा नियुक्ति दी जाना है तो ये दूसरी जिपं में भी हो सकेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत कई जिलों में पद रिक्त हैं। ऐसे में यहां पर अनुकंपा नियुक्तियां दी जा रही है। पहले जिस जिले में पद खाली है, अनुकंपा नियुक्ति उसी जिले में होती थी। इससे अनुकंपा नियुक्ति लेने के लिए सालों तक युवा भटकते रहते थे। इससे उन्हें बेरोजगारी के दौर से भी गुजरना पड़ता था। सरकार के गजट नोटिफिकेशन के बाद किसी दूसरे जिले की अनुकंपा नियुक्ति देने वाली भोपाल जिला पंचायत पहली जिपं बना है। सीईओ ऋतुराज सिंह ने बताया कि भोपाल में कुल 11 युवाओं को अनुकंपा नियुक्ति दी जानी थी। इनमें से 10 को नियुक्ति देकर ग्राम पंचायतों में सचिव के पद पर नियुक्त किया है। भोपाल में सबसे पहली अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया की गई है।

## महू यात्रा से पहले मंत्री परमार का कांग्रेस नेता राहुल पर बड़ा हमला, चंद्रगुप्त मौर्य का वचन दोहराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की मध्य प्रदेश महू यात्रा से पहले भाजपा नेता उन पर हमलावर हैं। राहुल गांधी को लेकर अब मंत्री इंदर सिंह परमार ने बड़ा बयान दिया है। भोपाल में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि 'विदेशी मां का बेटा कभी देशभक्त नहीं हो सकता है'। राहुल गांधी देश के राष्ट्रीय विचार का विरोध करते-करते भारतीय राज्य के खिलाफ बोलने का साहस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि चाणक्य के समय चंद्रगुप्त मौर्य ने एक विदेशी महिला से शादी की थी। तब उन्होंने शर्त रखी थी कि विदेशी महिला से पैदा हुआ पुत्र कभी मगध सम्राट नहीं होना चाहिए। यह वचन चंद्रगुप्त मौर्य को देना पड़ा था।



मंत्री ने कहा कि मेरा आज भी यह कहना है कि 'एक विदेशी मां का बेटा कभी देशभक्त नहीं हो सकता। राहुल गांधी के आचरण लगातार देशद्रोहिता की तरफ बढ़ रहे हैं'। बता दें कि कांग्रेस की 27 जनवरी को मध्य प्रदेश के महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' यात्रा होने जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आ रहे हैं। उनकी यात्रा से पहले भाजपा नेता उन पर हमलावर हैं।

### कांग्रेस में निचले स्तर तक गुटबाजी

मंत्री परमार ने जीतू पटवारी के कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर दिए बयान पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी ने सही कहा कि कांग्रेस समाप्त हो जाएगी। कांग्रेस में निचले स्तर तक गुटबाजी है। पंचायत स्तर तक गुटबाजी है। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था कांग्रेस में फैली गुटबाजी को कैंसर बताया था।

### निजी कॉलेजों की जांच की जा रही है

निजी कॉलेजों की जांच और जीवाजी विश्वविद्यालय को लेकर मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच चल रही है। सरकार सख्त से सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि भोपाल से जांच करवाई जा रही है। पहले विश्वविद्यालय द्वारा जांच कराई जाती थी, लेकिन अब तरीके में बदलाव किया गया है। मान्यता संबंधी नियमों को भी अब बदला जाएगा। सरकार इस विषय पर लगातार विचार कर रही है। सभी कॉलेजों का फिजिकल वेरिफिकेशन करवाया जा रहा है।

## महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घुसा युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध होने के बावजूद सोमवार को एक युवक बिना अनुमति गर्भगृह में प्रवेश कर गया। गर्भगृह के आसपास खड़े मंदिर के कर्मचारी और पुजारी हड़बड़ा गए। उन्होंने युवक को पकड़कर गर्भगृह से बाहर निकाल दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रशासक अनुकूल जैन ने लापरवाही बरतने पर मंदिर के दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। सुरक्षा में तैनात क्रिस्टल कंपनी के दो गार्ड्स को सेवा से हटाने के लिए पत्र लिखा है। फिलहाल, युवक को महाकाल थाने भेजा गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना सोमवार सुबह 8 बजकर 24 मिनट की है। मंदिर में पूजा चल रही थी।

## ना बैंड ना बाराती, युवक- युवती ने रचाई अनोखी शादी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**खंडवा। खंडवा के एक युवक ने एक अनूठी शादी रचाई है। इस शादी में न बैंड था, न बाजा था और न ही बाराती थे। शादी करने वाले युवक और युवती दोनों इंदौर में एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करते हैं। दोनों ने खंडवा कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी शादी रचाई है। उनका कहना है कि उन्होंने शादी में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए अनूठी सीख समाज को दी है।**

कलेक्ट्रेट में एक ऐसी शादी हुई जिसे देखने के लिए कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी उमड़ पड़े थे। इंदौर में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाला युवक हिमांशु और युवती दीक्षा लाखों की सैलरी उठाते हैं। दोनों ने फिजूलखर्ची को बचाने के उद्देश्य से सोमवार दोपहर खंडवा कलेक्ट्रेट में एडीएम कोर्ट में शादी रचाई। इस मौके पर दूल्हा और दुल्हन दोनों के परिवार वाले मौजूद थे। दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर एडीएम काशीराम बडोले के सामने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किया। बताया जा रहा है दूल्हा और दुल्हन दोनों एक ही कंपनी में पिछले से 4 सालों से साथ में काम कर रहे हैं। दोनों की विचारधारा भी एक ही है। दीक्षा के अनुसार इंदौर जैसे बड़े शहर में हर रोज बैंड बाजा बारात के कारण सड़कों पर लगने वाली भीड़, उसमें शामिल होने वाले मेहमानों की मेहमान नवाजी में बेटी का बाप कर्ज के बोझ तले झुक जाता है। इन्हीं सब परेशानियों को याद करके दीक्षा ने मन ही मन यह ठान लिया था कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ शादी करेगी जो समाज के इन रूढ़िवादी विचारों को खत्म करने में और उसकी भावनाओं का समर्थन करेगा। दोनों ने विवाह के साथ-साथ जो अन्य प्राचीन रूढ़िवादी परंपराएं हैं, उनमें फिजूलखर्ची है उसको बंद करने के लिए आम जनता से अपील की है। उनका कहना है कि परंपराओं के नाम पर बेवजह कई दुल्हनों के पिता कर्ज तले अपना जीवन जी रहे हैं। लिहाजा ऐसी परंपराएं समाज से खत्म करनी होंगी।

## संपादकीय

# 'मरीजों को दिल्ली एम्स में मिले बेहतर सुविधाएं'


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने दिल्ली एम्स में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलने की बात कही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इस चिट्ठी को शेयर किया। उन्होंने कहा कि ठिठुरती ठंड में मरीजों और उनके परिजन मेट्रो स्टेशन के नीचे सोने को मजबूर हैं, जहां न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का दिल्ली एम्स आना यह भी दिखाता है कि लोग जहां रहते हैं, वहां उन्हें सस्ती और अच्छी क्वालिटी की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। दिल्ली चुनाव के बीच राहुल गांधी ने ये चिट्ठी उस समय लिखी जब पिछले दिनों उन्होंने दिल्ली एम्स का दौरा किया। देर रात वहां उन्होंने लोगों की स्थिति देखी और इसी के बाद पत्र लिखने का फैसला लिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी चिट्ठी में दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से इस पर तत्काल कदम उठाने की भी बात कही। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे लेकर एक पोस्ट भी लिखा। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, 'देशभर से दिल्ली एम्स आने वाले मरीजों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। पिछले दिनों मैंने देखा कि ठिठुरती ठंड में ये मेट्रो स्टेशन के नीचे सोने को मजबूर हैं, जहां न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की। आसपास कूड़े-कचरे का भी ढेर लगा रहता है। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का दिल्ली एम्स आना यह भी दिखाता है कि लोग जहां रहते हैं, वहां उन्हें सस्ती और अच्छी क्वालिटी की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।' कांग्रेस नेता ने आगे पोस्ट में लिखा, 'मैं उम्मीद करता हूं कि मेरे पत्र का संज्ञान लेते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री इस मानवीय संकट को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाएंगे। साथ ही आशा है कि केंद्र सरकार आगामी बजट में पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम को मजबूत करने के लिए ठोस पहल करेगी और उसके लिए जरूरी संसाधनों को बढ़ाएगी।'

**अर्ज किया है..!**

*अब घर भी नहीं घर की तमन्ना भी नहीं है*
*मुद्दत हुई सोचा था कि घर जाएँगे इक दिन*

*-साक़ी फ़ारुक़ी*

isha



**करुणा एक सर्व-समावेशी जुनून है।**

**- जग्गी वासुदेव**

## Health is Welth

# डिनर से जुड़ी ये 5 कॉमन गलतियां बन सकती हैं मोटापे का कारण, तुरंत करें सुधार



बढ़ता मोटापा आज हर दूसरे व्यक्ति के लिए एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। जरूरत से ज्यादा वजन ना सिर्फ व्यक्ति की पर्सनालिटी खराब करता है बल्कि उसके लिए कई रोगों का दरवाजा भी खोल देता है। मधुमेह और ब्लड प्रेशर से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ते वजन के कारण हो सकती हैं। ऐसे में व्यक्ति को अपना वेट कंट्रोल रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं डिनर से जुड़ी 5 ऐसी कॉमन गलतियों के बारे में, जो अनजाने में आपका वजन बढ़ने का कारण बन सकती हैं।

### देर रात खाना खाना

देर रात भोजन करने से व्यक्ति का पाचन बाधित होने के साथ शरीर में फैट जमा हो जाता है, जिससे वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है। अगर आप सोने से ठीक पहले खाते हैं तो यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। वजन घटाने और बेहतर पाचन के लिए व्यक्ति को सोने से 2-3 घंटे पहले डिनर करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

### अधिक मात्रा में भोजन

अधिक मात्रा में भोजन करने से व्यक्ति अत्यधिक कैलोरी का सेवन कर सकता है, जो मोटापे का कारण बनता है। ऐसे में वेट कंट्रोल रखने के लिए व्यक्ति को डिनर के समय भोजन परोसने के लिए छोटी-छोटी प्लेटों का उपयोग करना चाहिए, भोजन में मौजूद कैलोरी का ध्यान रखें, पेट भरकर डिनर करने से बचें। ये सब गलतियां मोटापे का कारण बन सकती हैं।

### प्रोटीन की कमी

डिनर में लो प्रोटीन फूड शामिल करने से आपको थोड़ी देर बाद दोबारा भूख लग सकती है, जिससे व्यक्ति अनहेल्दी स्नैकिंग करने लगता है। पेट को लंबे समय तक भरा रखने और मांसपेशियों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए डिनर में चिकन, टोफू या मछली जैसे प्रोटीन स्रोतों को शामिल करें।

### कार्बोहाइड्रेट का अधिक सेवन

सफेद ब्रेड या पास्ता जैसी कार्ब से भरपूर चीजें डिनर में खाने से डायबिटीज लेवल ही नहीं बल्कि शरीर में फैट स्टोरेज भी बढ़ सकता है। ऐसे में डिनर में सब्जियां, हेल्दी फैट और प्रोटीन वाली संतुलित डाइट को शामिल करें।

### डिनर स्किप करना

रात का खाना छोड़ने से अगली सुबह अत्यधिक भूख लगने और अधिक खाने की समस्या हो सकती है। जो वजन बढ़ने का एक कारण हो सकता है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए हल्का और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करें। ऐसा भोजन शरीर में ऊर्जा का स्तर ही नहीं मेटाबॉलिज्म को भी अच्छा बनाए रखने में मदद करेगा।

## Uttarpradesh

# यूपी में आधी रात बड़ा एनकाउंटर, पुलिस ने इनामी अरशद समेत 4 को शामली में मार गिराया

**शामली, (एजेंसी)** यूपी के शामली जिले में देररात एनकाउंटर हुआ। यूपी एसटीएफ की मेरठ टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में सोमवार के रात करीब 2:30 बजे के आसपास मुस्तफा कग्गा गैंग के बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान आमने-सामने की फायरिंग में एक लाख इनामी समेत चार बदमाश मुठभेड़ में ढेर हो गए, जबकि एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार को कई गोलियां लगीं। सुनील कुमार को फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से भारी मात्रा में असलहा बरामद किया गया है।

एसटीएफ मेरठ की टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में



मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्य अरशद निवासी थाना गंगोह जिला सहारनपुर व उसके तीन साथियों मंजीत, सतीश व एक अन्य को घेर लिया था। सभी बदमाश कार में सवार थे। इस दौरान अरशद व उसके साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ की टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। एएसपी ब्रिजेश कुमार ने बताया कि गोलीबारी में चार बदमाशों को गोली लगी , जबकि एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां चारों बदमाशों को डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

मरने वाले बदमाशों की पहचान एक लाख का इनामी अरशद और उसके 3 साथी मंजीत, सतीश और एक अज्ञात के रूप में हुई।

## New Delhi

### रामायण कथा में क्या गलतियां कर गए अरविंद केजरीवाल कि ट्रोल कर रही है भाजपा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक चुनावी सभा में रामायण के एक प्रसंग का जिक्र किया, जिसको लेकर अब वह ट्रोल हो रहे हैं। सीता हरण की कहानी सुनाते हुए हनुमान भक्त अरविंद केजरीवाल कुछ गलतियां कर बैठे, जिसको लेकर अब भाजपा के नेता उन्हें घेर रहे हैं। एक बार फिर उन्हें 'चुनावी हिंदू' कहकर तंज कसा जा रहा है।

केजरीवाल सोमवार शाम विश्वास नगर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने झुग्गीवासियों को भाजपा से सावधान करते हुए सीता हरण की कहानी सुनाई। केजरीवाल ने कहा, 'एक दिन भगवान राम खाने का इंतजाम करने जंगल में गए। माता सीता को अपनी झोपड़ी में छोड़ गए और लक्ष्मण से बोले कि तू सीता माता की रक्षा करेगा। इतने में रावण आया सोने का हिरण बनके। सीता मैया लक्ष्मण से बोली मुझे यह हिरण चाहिए। लक्ष्मण बोला ना मैया, भगवान राम कहके गए हैं कि मुझे आपकी रक्षा करनी है। उसने बोली नहीं मैं तेरेको आदेश देती हूं कि जाओ और हिरण को पकड़कर लाओ। लक्ष्मण के पास चारा नहीं था लक्ष्मण चला गया। रावण अपना भेष चेंज करके सीता मैया का हरण करके ले गया।'

केजरीवाल ने कहा कि ये बीजेपी वाले भी सोने की हिरण की तरह हैं, इनके चक्कर में मत आ जाना नहीं तो हरण हो जाएगा आप सबका। सोने के हिरण के चक्कर में झुग्गीवाले ना पड़ जाएं। ये आजकल आ रहे हैं आपके बच्चों के साथ कैरम खेल रहे हैं, ये चुनाव बाद ये बुलडोजर लेकर आएंगे झुग्गी तोडने के लिए। आप चिंता मत करना जब तक आपका बेटा जिंदा है, मैं बुलडोजर के सामने लेट जाऊंगा। झुग्गी नहीं तोड़ने दूंगा।

## Jharkhand

### जमशेदपुर: मोटरसाइकिल से पीछा कर शख्स को मारी गोली, मौत

**जमशेदपुर, (एजेंसी)** झारखंड के जमशेदपुर में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस बात की जानकारी पुलिस ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी को दी. पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात को मानगो थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा रोड पर हुई. संतोष सिंह अपने घर के पास था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए हथियारबंद लोगों ने उस पर गोलियां चला दीं. इस दौरान वह भागने में सफल रहा और पास के एक घर में घुस गया, लेकिन बंदूकधारियों ने उसका मोटरसाइकिल से पीछा किया और उसे गोली मार दी. सिंह को तीन गोलियां लगने के बाद एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस अधीक्षक (शहर) कुमार शिवाशीष ने डीएसपी भोला प्रसाद के साथ रात में घटनास्थल का दौरा किया. प्रसाद ने कहा कि अपराधियों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. प्राथमिक जांच में हत्या का कारण पुरानी रंजिश को बताया जा रहा है. हालांकि, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है. पुलिस ने बताया कि सिंह और उसका भाई हत्या के एक मामले में जेल में बंद थे. ऐसे में एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है.

## Uttarakhand

### 19 साल के लड़के की करामात, देहरादून निवासी से ठगे 2.27 करोड़; STF ने जयपुर से किया गिरफ्तार

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के एक मामले में जयपुर से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने देहरादून निवासी व्यक्ति से कथित तौर पर 2.27 करोड़ रुपये की ठगी की थी। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि 19 साल के युवक को शनिवार को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। नीरज भट्ट धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी है।

पुलिस के मुताबिक, नीरज एक साइबर अपराधी गिरोह का सदस्य है। वह कथित तौर पर खुद को मुंबई पुलिस के साइबर अपराध विभाग का अधिकारी बताता है। एसएसपी ने बताया कि देहरादून के निरंजनपुर इलाके में रहने वाले पीड़ित ने कुछ दिन पहले इस मामले की शिकायत दर्ज



कराई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि 9 सितंबर को उसे एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया, जिसमें पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने उसे बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। वीडियो कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके बैंक खाते से मनी लॉन्ड्रिंग की गई है।

## खेल

# जिस देश में खाने को लाले, उसने रचा इतिहास, क्रिकेट में न्यूजीलैंड को रौंद दिया

**कुआलालंपुर।** अगर किसी से पूछा जाए कि दुनिया का सबसे गरीब देश कौन है तो संभव है कि वह अफ्रीकी देशों में से किसी का नाम ले, खासकर नाइजीरिया का। पश्चिम अफ्रीका में स्थित नाइजीरिया लॉन्ग डिस्टेंस एथलीटों के लिए मशहूर है। फुटबॉल भी लोग खेलते हैं, लेकिन उसने जो कमाल क्रिकेट में किया है वह इतिहास में दर्ज हो गया। उसने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के फुल टाइम मेंबर और क्रिकेट खेलने वाले देशों में सबसे बड़े नामों में से एक न्यूजीलैंड को आईसीसी अंडर-19 महिला महिला टी20 विश्व कप 2025 के एक मुकाबले में 2 रनों के छोटे से अंतर से हरा दिया। इस रोमांचक जीत के साथ ही उसने इतिहास रच दिया है।

दरअसल, नाइजीरिया ऐसा देश है, जो अपने क्रिकेट कौशल के लिए कम जाना जाता है। न्यूजीलैंड को उम्मीद नहीं




रही होगी कि उसे यह देश ने रोमांचक मुकाबले में हरा देगा। यह कल्पना से परे था, लेकिन यही तो क्रिकेट की खूबसूरती है। बारिश की वजह से यह मुकाबला 13-13 ओवर का हुआ। मैच में नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 65 रन बनाए। कीवी टीम 5 विकेट पर 57 रन बना चुकी थी, जबकि एक ओवर बचा था। लिलियन उदे की कसी हुई गेंदबाजी के आगे कीवी बल्लेबाजों की एक न चली। नाइजीरियाई लड़कियों ने इस तरह से वैश्विक टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाला पहला पश्चिमी अफ्रीकी देश बनकर अपने देश को क्रिकेट की दुनिया में सुर्खियों में ला दिया। उसने ग्रुप-सी के मैच में ICC के पूर्ण सदस्य देश को हराकर सबसे उलटफेर भी किया। ICC महिला अंडर-19 विश्व कप में पदार्पण करते हुए नाइजीरियाई टीम को शनिवार को समोआ के साथ अपने मुकाबले के बारिश के कारण रद्द होने के बाद एक अवसर का इंतजार करना पड़ा।

सरवाक में फिर से बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ, लेकिन अफ्रीकी देश ने अपने मौकों का पूरा फायदा उठाया। मैच 13-13 ओवर का हुआ। दूसरी ओर, अन्य मैच में ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप-डी के मैच में बांग्लादेश को दो विकेट से हराया। यूएसए ने भी जोहोर में आयरलैंड को 9 विकेट से हराकर और ग्रुप बी में अपने नेट रन रेट की स्थिति में काफी सुधार करके खुद को विश्व कप की ताकत के रूप में घोषित किया।

## सिनेमा

### महाकुंभ पहुंची प्रियंका चोपड़ा, प्रयागराज से शेयर किया वीडियो



बॉलीवुड एक्ट्रेस और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा आस्तिक हैं। अमेरिका में रह कर भी सभी धर्मों का पालन करती हैं, त्योहारों को मनाती हैं। प्रियंका की भगवान में ऐसी आस्था है कि अब भारत आने के बाद उन्होंने महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए वक्त निकाला है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है जो कुंभ मेले का बताया जा रहा है। महाकुंभ से एक्ट्रेस की नई तस्वीरों का इंतजार हो रहा है। महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, हर 12 साल में आयोजित होता है। इस बार माघ मास में प्रयागराज में चल रहे इस मेले में लाखों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कुंभ मेला हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें संगम यानी गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का मिलन स्थल पर स्नान का खास महत्व है। ऐसा माना जाता है कि यहां स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए इसबार भी बड़ी संख्या में लोग यहां डुबकी लगाने पहुंचे हैं। प्रयागराज में महाकुंभ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला है। महाकुंभ के लिए प्रशासन ने बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। मेला क्षेत्र को लगभग 4,000 हेक्टेयर में विस्तारित किया गया है, जो 2019 के कुंभ मेले से अधिक है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 1,50,000 से अधिक तंबुओं की व्यवस्था की गई है, साथ ही 4,50,000 नए बिजली कनेक्शन जोड़े गए हैं।

## Highlights

1. What did court say on not giving death penalty to RG Kar rape-murder convict?
2. PM Narendra Modi congratulates Donald Trump on becoming 47th US President
3. RG Kar case convict's mother locks up self as son gets life term
4. Sena won't fight Delhi polls to avoid Hindutva votes split: Shinde

# India lifts curbs on sugar export, allows overseas sales of 1 mn tonne till Sept

**NEW DEIHI, (Agency).** India on Monday lifted curbs on sugar export, allowing millers to ship one million tonnes of the sweetener till September this year as forecasts predict robust harvests.

The move will help mills in the world's second-biggest producer of the item, next only to Brazil, to export surplus stocks, which will support local prices.

"This (decision) ensures price stability, supports 5 crore farmer families, 5 lakh workers, and strengthens the sugar sector," said food minister Pralhad Joshi in a post on X.

During the 2023-24 season, exports remained prohibited due to fears of lower output and local supply concerns.



Sugar is an essential item under the government's classification of commodities and is a controlled item. India is the world's largest consumer of the sweetener, with 90% of the produce going into commercial food products, such as biscuits, and beverages.

The permission for overseas sales comes amid projections of higher output. The country is also expected to have a higher sugarcane output of over 470 million tonnes, which will likely make more cane available for both the sweetener and ethanol, which is used to blend with petrol.

Welcoming the decision, the Indian Sugar and Bio-energy Manufacturers Association (ISMA), a producers' body, said the nod to export one million tonnes would help prop up low local prices, leading to losses.

# Zomato Q3 2025 results: Net profit falls 57% despite 64% revenue rise, as expenses mount

**Mumbai, (Agency).** Food delivery giant Zomato Ltd announced its third quarter results for the financial year 2024-25 on Monday, January 20, 2025.

The company's consolidated revenue from operations rose 64.38% or by ₹2,117 crore to ₹5,405 crore, compared to ₹3,288 crore during the third quarter of the previous year.

However, its net profit fell by 57.24%, ₹79 crore to ₹59 crore, compared to ₹138 crore in the same quarter of the previous year. However, profit before tax remained the same as last time at ₹124 crore.

This results from total expenses increasing by 63.55% or by ₹2,150 crore to ₹5,533 crore from ₹3,383 crore earlier.




Significant portions of these expenses came from purchases of stock-in-trade, which grew to ₹1,510 crore from ₹783 crore earlier. This is a huge jump of 92.84%, or ₹727 crore.

Zomato's quick commerce arm Blinkit is also an important point of focus since this is an extremely competitive and talked about sector with competitors like Swiggy's Instamart, Zepto, Tata's BigBasket, and Flipkart's Minutes fiercely competing with each other.

Blinkit's revenues expanded significantly by 117.23% or by ₹755 crore, reaching ₹1,399 crore from ₹644 crore during the same quarter of the previous year.

Its losses also narrowed down 46.42%, from ₹56 crore to ₹30 crore.

How did Zomato shares perform?

Zomato Ltd shares closed in the red on the Bombay Stock Exchange (BSE), going down 3.14% or by ₹7.80, reaching ₹240.95.

Meanwhile, the market in general closed in the green with the benchmark BSE Sensex closing 454.11 points or 0.59% in the green, reaching 77,073.44.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक